## IDFC FIRST Bank Limited

(erstwhile Capital First Limited and amalgamated with IDFC Bank Limited)
CIN : L65110TN2014PLC097792
**Registered Office:** KRM Towers, 8th Floor, Harrington Road, Chetpet, Chennai - 600031.
**Tel:** +91 44 4564 4000 | **Fax:** +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

### APPENDIX IV [Rule 8(1)]
### POSSESSION NOTICE
### (For immovable property)

Whereas the undersigned being the authorised officer of the **IDFC First Bank Limited (erstwhile Capital First Limited and amalgamated with IDFC Bank Limited)** under the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 and in exercise of powers conferred under section 13(12) read with rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 issued a demand notice dated 03.12.2019 calling upon the borrower, co-borrowers and guarantors **1. Manmohan Jewellers (Prop. Kuldip Singh), 2.Manmohan Singh, 3.Kuldip Singh, 4.Harbhinder Kaur,** to repay the amount mentioned in the notice being **Rs.96,75,476.64/- (Rupees Ninety Six Lakhs Seventy Five Thousand Four Hundred Seventy Six And Paise Sixty Four Only)** as on 29.11.2019 within 60 days from the date of receipt of the said notice.

The borrowers having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrower and the public in general that the undersigned has taken Symbolic Possession of the property described herein below in exercise of powers conferred on him under sub – section (4) of section 13 of Act read with rule 8 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 on this 01st day of February 2021.

The borrowers in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property and any dealings with the property will be subject to the charge of the **IDFC First Bank Limited (erstwhile Capital First Limited and amalgamated with IDFC Bank Limited)** for an amount of **Rs.96,75,476.64/- (Rupees Ninety Six Lakhs Seventy Five Thousand Four Hundred Seventy Six And Paise Sixty Four Only)** and interest thereon.

The borrower's attention is invited to provisions of sub – section (8) of section 13 of the Act, in respect of time available, to redeem the secured assets.

**DESCRIPTION OF THE IMMOVABLE PROPERTIES.**

**All The Piece And Parcel Of The Property Consisting Of 1. Property Khana Shumari No. 237 and 2468, and Old 366 New S12/30 Total Area 21 Sq. Yds and on Roof 50 Sq. Yards in the Area of, Amritsar Urban Katra, Hari Singh Tunda Talab, Amritsar, Punjab, 143001.**

**2. Khanna Shumari No. 4890/16-37 Old and , Present No. 9780/16-37 Total Area 90, Sq Yds Situated at Sultanwind Shikni, Sarvarpura, Amritsar, Punjab, 143001.**

**Date:01-02-2021**
**Place: Amritsar.**
**Loan Account No: 11828079 & 9724354**

**Authorised Officer**
**IDFC First Bank Limited**
**(erstwhile Capital First Limited and amalgamated withIDFC Bank Limited)**

## DEMAND NOTICE

Under Section 13(2) of the Securitisation And Reconstruction of Financial Assets And Enforcement of Security Interest Act, 2002 (the said Act.) read with Rule 3 (1) of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 (the said Rules). In exercise of powers conferred under Section 13(12) of the said Act read with Rule 3 of the said Rules, the Authorised Officer of IIFL Home Finance Ltd.(IIFL HFL) ( Formerly known as India India Infoline Housing Finance Ltd.) has issued Demand Notices under section 13(2) of the said Act, calling upon the Borrower(s), to repay the amount mentioned in the respective Demand Notice(s) issued to them. In connection with above, notice is hereby given, once again, to the Borrower(s) to pay within 60 days from the publication of this notice, the amounts indicated herein below, together with further interest from the date(s) of Demand Notice till the date of payment. The detail of the Borrower(s), amount due as on date of Demand Notice and security offered towards repayment of loan amount are as under:-

| Name of the Borrower(s)/ Guarantor (s) | Demand Notice Date & Amount | Description of secured asset (immovable property) |
|---|---|---|
| Mr. Kirpal Singh, Mrs.Sukhwinder Kaur **(Prospect No. IL10050324)** | **01-Feb-2021 Rs. 16,26,329.00/-** (Rupees Sixteen Lakh Twenty Six Thousand Three Hundred Twenty Nine Only) | All that piece and parcel of the property being : Plot Pvt No. 196, Admeasuring 178 Sq. Yrds, Khasra No. 73//13 Min Vakia, Rakba Village Naushera Abadi Preet Avenue Asr, Amritsar, Punjab, India, 143001 |

If the said Borrowers fail to make payment to IIF HFL as aforesaid, IIFL HFL may proceed against the above secured assets under Section 13(4) of the said Act, and the applicable Rules, entirely at the risks, costs and consequences of the Borrowers.

For, further details please contact to Authorised Officer at Branch Office :IIFL Hflsco 32, 2nd Floor, Pal Plaza, B Block, Ranjeet Avenue, Amritsar, Punjab- 143006 /or Corporate Office : IIFL Tower, Plot No. 98, Udyog Vihar, Ph-IV Gurgaon, Haryana.

**Place: Amritsar**
**Date: 05.02.2021**

**Sd/- Authorised Officer, For IIFL Home Finance Ltd**

TRIDENTGROUP™
Being different is normal

## NOTICE

Notice is hereby given that following shareholder(s) of "Trident Limited" (Formerly known as Abhishek Industries Limited) has lost original share certificates and have applied for claiming the shares from Investor Education Protection fund (IEPF).

| Sr. No. | Name | Folio No. | Certificate Nos. | Distinctive Nos. | No. of shares (Pre- Split) | No. of shares (Post- Split) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | PRIDHIMA GUPTA | 100960 | 136876 | 104547835 to 104549292 | 1458* | 14,580 |
| 2. | PRIDHIMA GUPTA | 79458 | 118801 | 96910405 to 96912154 | 1750* | 17,500 |
| 3. | PRIDHINIA GUPTA | 51311 | 63557 | 10844201 to 10845200 | 1000* | 10,000 |

**The Company has executed the split/sub-division of Equity shares of the Company from face value of INR 10/- each to INR 1/- each with December 16, 2019 as Record Date.*

Any person having any objection to the same may write to the Company within 7 days of the date of publication of this notice, otherwise the Company shall proceed with submission of IEPF claim for lost shares to the IEPF Authority as per Schedule III (4) of Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 and no further claim will be entertained by Company or IEPF Authority.

For **TRIDENT LIMITED**
**Sd/-**
**Ramandeep Kaur**
**Company Secretary**
**ICSI Membership No.: F9160**

Place : Sanghera
Dated : February 5, 2021

**TRIDENT LIMITED**

CIN : L99999PB1990PLC010307
**Regd. Office** : Trident Group, Sanghera - 148 101, India, **Toll Free No.**: 1800-180-2999
**Fax**: 0161-5039900 | **Website**: www.tridentindia.com | **Email**: investor@tridentindia.com

## THE YAMUNA SYNDICATE LIMITED

**Regd. Office: Radaur Road, Yamunanagar – 135001, Haryana.**
**CIN: L24101HR1954PLC001837**
**Phone No. : +91-1732-255479**
**E-mail : companysecretary@yamunasyndicate.com**
**Website : www.yamunasyndicate.com**

### NOTICE

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Friday, 12th February, 2021 through Video Conferencing facility at registered office of the company at Radaur Road, Yamuna Nagar - 135001 to consider and approve inter-alia Unaudited Financial Results of the Company for the Quarter and Nine - Months period ended on 31st December, 2020.

This Notice is also available on the Company's website www.yamunasyndicate.com and on the website of BSE Limited at www.bseindia.com, where the shares of the Company are listed.

**By order of the Board.**
**For The Yamuna Syndicate Ltd.**
**Sd/- (Ashish Kumar)**
**Company Secretary**
**Membership No. F7846**

**Dated : 04th February, 2021**
**Place : Yamuna Nagar - 135001**

## KDDL LIMITED

ethos

(CIN : L33302HP1981PLC008123)
Regd. Office: Plot No. 3, Sector – III, Parwanoo, Distt. Solan (H.P.)-173220
Tel.: +91 172 2548223 / 24 Fax : +91 172 2548302
Website: www.kddl.com Email id: investor.complaints@kddl.com

### NOTICE OF BOARD MEETING

Pursuant to regulation 47(1) (a) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors will be held on Friday, 12th February, 2021, inter alia, to consider and approve the Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) for the Quarter and Nine Months ended 31st December, 2020.

The said notice may be accessed on the Company's website i.e www.kddl.com and also on Stock Exchanges websites i.e www.bseindia.com and www.nseindia.com

**For KDDL Limited**
**Sd/-**
**Brahm Prakash Kumar (Company Secretary)**

**Date : 4th February, 2021**
**Place : Chandigarh**

## Himachal Pradesh Public Works Department
### INVITATION FOR BIDS (IFB)

The Executive Engineer, B&R Division, HPPWD Nahan, District Sirmaur, H.P. on behalf of Governor of Himachal Pradesh invites the item rates bids, in electronic tendering system from the eligible class of Contractors registered with HPPWD for the works detailed in the table.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Construction of Link Road from Khodawala to Bhagtawala Km 0/0 to 2/500 (SH:- C/o of 8.00 meter span Slab Culvert at RD 2/060) | 9,17,800/- only | 18,500/- only |
| 2 | Improvement of Nahan Dadahu Haripurdhar Road (MDR-01) at RD 9/0, 12/900, 34/015, 35/075 and Trilokpur Kala Amb Suketi Road (MDR-04) at RD 1/040 (SH:- Improvement of Junctions under Black Spot) | 8,96,789/- only | 18,000/- only |

Starting Date for Downloading Bid:- 18.02.2020
Deadline for Submission of Bid:- 04.03.2021 up to 10:00 AM

## PRISM MEDICO AND PHARMACY LIMITED

CIN: L51109PB2002PLC047444
**Regd. Office : D-118, Industrial Area, Phase-7, Mohali, Punjab-160055**


Notice is hereby given that pursuant to regulation 29 and 47 of SEBI (Listing obligations and Disclosure requirements) Regulations, 2015, that Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Friday, 12th February 2021 at 3.00 p.m. at Plot-D-118, Ind.Area Phase VII, Mohali, Punjab-160055 to consider and take on record un-audited Financial Results for the quarter December 31, 2020. This notice shall also be available on Company's website at **www.prismmedico.com/** and also on Stock Exchange's website at **www.bseindia.com** and **www.msei.in.**

Date: 04.02.2021
Place: Mohali

For PRISM MEDICO AND PHARMACY LIMITED
Sudhanshu Srivastav/Director

## खबरों में रहे स्टॉक


**प्रॉक्टर ऐंड गैम्बल हाइजीन**




दिसंबर तिमाही में कर बाद लाभ 84 फीसदी बढ़ा

₹ 11,353.9 पिछला बंद भाव
₹ 12,289.0 आज का बंद भाव
▲ 8.2 %


**प्रिंस पाइप्स ऐंड फिटिंग्स**




तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 175 फीसदी बढ़ा

₹ 333.9 पिछला बंद भाव
₹ 398.6 आज का बंद भाव
▲ 19.4 %


**अपोलो टायर्स**




तीसरी तिमाही में समेकित कर बाद लाभ 155 फीसदी बढ़ा

₹ 227.3 पिछला बंद भाव
₹ 243.9 आज का बंद भाव
▲ 7.3 %


**इंडियन होटल्स**




तीसरी तिमाही में 199 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा

₹ 122.9 पिछला बंद भाव
₹ 120.0 आज का बंद भाव
▼ 2.3 %

**सिटी यूनियन बैंक**




तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 11 फीसदी घटा

₹ 182.5 पिछला बंद भाव
₹ 175.8 आज का बंद भाव
▼ 3.7 %

# एसबीआई का शुद्ध लाभ 6.93 फीसदी घटा

बीएस संवाददाता
मुंबई, 4 फरवरी

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का शुद्ध लाभ दिसंबर 2020 तिमाही में 6.93 फीसदी घटकर 5,583 करोड़ रुपये रह गया। एक साल पहले की समान तिमाही में एस्सार स्टील खाते से एकमुश्त 4,039 करोड़ रुपये की वसूली होने के कारण बैंक की ब्याज आय बढ़ गई थी जिससे मुनाफे को झटका लगा।

गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) की पहचान के लिए सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश के बावजूद परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया गया। तिमाही के दौरान बैंक का सकल एनपीए 5.44 फीसदी और शुद्ध एनपीए 1.82 फीसदी रहा जो सितंबर 2020 तिमाही में 2.08 फीसदी और दिसंबर 2019 तिमाही मेकं 2.65 फीसदी रहा था। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद किसी भी नए एनपीए की पहचान नहीं की गई है।

बंबई स्टॉक एक्सचेंज पर एसबीआई का शेयर आज 5.73 फीसदी बढ़त के साथ 355.1 रुपये पर बंद हुआ।

तिमाही के दौरान बैंक की शुद्ध ब्याज आय 3.75 फीसदी बढ़कर 28,820 करोड़ रुपये हो गई जो दिसंबर 2019 तिमाही में 27,779 करोड़ रुपये रही थी। यदि हम 4,039 करोड़ रुपये की एकमुश्त आय और 452 करोड़ रुपये की अन्य आय को हटा देते हैं तो शुद्ध ब्याज आय में 21 फीसदी की वृद्धि दिखती है।




तिमाही के दौरान गैर-ब्याज आय 1.54 फीसदी बढ़कर 9,246 करोड़ रुपये हो गई। घरेलू परिचालन से शुद्ध ब्याज मार्जिन घटकर 3.34 फीसदी रहा जो एक साल पहले की समान अवधि में 3.59 फीसदी रहा था।

तिमाही के दौरान बैंक का अग्रिम 6.73 फीसदी बढ़कर 24.56 लाख करोड़ रुपये हो गई जबकि खुदरा व्यक्तिगत अग्रिम में 15.5 फीसदी की वृद्धि हुई। घरेलू ऋण पोर्टफोलियो में खुदरा की हिस्सेदारी 39.08 फीसदी रही। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खेरा ने कहा, 'हमने कहा है कि वित्त वर्ष 2021 में ऋण वृद्धि करीब 7 फीसदी रहेगी और वित्त वर्ष 2022 की दूसरी तिमाही से हम दो अंकों में वृद्धि दर्ज करने की स्थिति में होंगे।' दिसंबर तिमाही के अंत में बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 14.50 फीसदी रहा।

## एचपीसीएल प्रमुख ने दिए ईंधन कीमतों में तेजी के संकेत

**हिंदुस्तान** पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एमके सुराणा ने संकेत दिया है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तेजी बरकरार रहने से उपभोक्ताओं को कोई खास राहत नहीं मिलने वाली है। वित्त वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही के लिए वित्तीय नतीजे की घोषणा करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने यह बात कही।

सुराणा ने कहा, 'कच्चे तेल की कीमतों में तेजी की मुख्य वजह मांग में तेजी और उत्पाद में वृद्धि के बीच अंतर है। लंबी अवधि अथवा मध्यावधि के परिप्रेक्ष्य में हम कच्चे तेल की कीमतों में बहुत अधिक वृद्धि की उम्मीद नहीं करते हैं और हमारा मानना है कि यह 50 से 60 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रहेगी।' उन्होंने कहा, 'निकट भविष्य में कीमतें 55 डॉलर प्रति बैरल तक रहने की उम्मीद है। जबकि मुझे लगता है कि यह कुछ समय के लिए 60 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने के बाद 55 से 60 डॉलर के दायरे में रहेगी।' सुराणा ने कहा कि रुपये में मजबूती से विनिमय दर के जरिये कुछ राहत मिल सकती है लेकिन इससे अंतरराष्ट्रीय उत्पाद की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। एचपीसीएल ने वित्त वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही के दौरान शुद्ध लाभ में भारी वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के मुनाफे को इन्वेंटरी लाभ के अलावा मुद्रा विनिमय बाजार में लाभ और अधिक बिक्री से बल मिला। तिमाही के दौरान कंपनी का समेकित शुद्ध लाभ लगभग दोगुना बढ़कर 2,373.71 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले की समान तिमाही में यह 1,027.23 करोड़ रुपये रहा था। तिमाही के दौरान कंपनी की समेकित कुल आय भी बढ़कर 78,324.98 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान तिमाही में 75,048.60 करोड़ रुपये रही थी।

तिमाही के दौरान कंपनी का सकल रिफाइनरी मार्जिन (जीआरएम) बढ़कर 1.87 डॉलर प्रति बैरल हो गया जो एक साल पहले की समान तिमाही में 1.79 डॉलर प्रति बैरल रहा था। इस दौरान इन्वेंटरी लाभ बढ़कर 1,323 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 343 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने कहा है कि पेट्रोलियम उत्पादों की घरेलू बिक्री में 2.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। पेट्रोल की बिक्री में 6.4 फीसदी, डीजली की बिक्री में 1.2 फीसदी और एलपीजी की बिक्री में 5.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। *बीएस*

## गोदरेज प्रॉपर्टीज का शुद्ध लाभ 70 फीसदी घटा

गोदरेज प्रॉपर्टीज का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 70 फीसदी घटकर 14 करोड़ रुपये रह गया। एक साल पहले की समान तिमाही में यह आंकड़ा 47 करोड़ रुपये रहा था। तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय 38 फीसदी घटकर 306 करोड़ रुपये रह गई जो एक साल हपले की समान तिमाही में 491 करोड़ रुपये रही थी। गोदरेज प्रॉपर्टीज के कार्यकारी चेयरमैन पिरोजशा गोदरेज ने कहा, 'रियल एस्टेट क्षेत्र कोविड वैश्विक महामारी के शुरुआती प्रभाव से उबर चुका है।' तिमाही के दौरान कंपनी की कुल बुकिंग मूल्य में 25 फीसदी की वृद्धि हुई।

## सुंदरम फास्टनर्स का लाभ 20 फीसदी बढ़ा

टीवीएस ग्रुप की इकाई सुंदरम फास्टनर्स लिमिटेड (एफएफएल) का शुद्ध लाभ 31 दिसंबर 2020 को समाप्त तिमाही के दौरान 20 फीसदी बढ़कर 124.24 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 103.06 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। पिछले साल की समान तिमाही में 41.98 करोड़ रुपये का एकमुश्त कर प्रावधान टाल दिया गया था और यदि उसे छोड़ दिया जाए तो तीसरी तिमाही में कंपनी के कर बाद लाभ में 103 फीसदी की वृद्धि दिखती है। तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय 35 फीसदी बढ़कर 945.41 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान तिमाही में 701.22 करोड़ रुपये रही थी। कंपनी की प्रबंध निदेशक आरती कृष्णा ने कहा कि तिमाही के दौरान कंपनी ने अब तक की सर्वाधिक एकल मुनाफा दर्ज किया है।

## अरविंद लिमिटेड का शुद्ध लाभ 30 फीसदी घटा

कपड़ा एवं ब्रांडेड परिधान कंपनी अरविंद लिमिटेड का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 30 फीसदी घटकर 24.91 करोड़ रुपये रह गया जो एक साल पहले की समान तिमाही में 35.77 करोड़ रुपये रहा था। तिमाही के दौरान कंपनी का समेकित परिचालन राजस्व करीब 19 फीसदी घटकर 1,514 करोड़ रुपये रह गया जो एक साल पहले की समान तिमाही में 1,869 करोड़ रुपये रहा था। क्रमिक आधार पर कंपनी के राजस्व में 16 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई जो सितंबर तिमाही में 1,305 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने कहा है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण उसकी आय कम रही। कंपनी ने मार्च तिमाही में राजस्व बढ़ने की उम्मीद जताई है। कंपनी ने कहा है कि चौथी तिमाही में उसके ऋण बोझ में करीब 100 करोड़ रुपये की कमी आएगी।

## संक्षेप में

### इग्जिगो की हुई ट्रेन बुकिंग ऐप कन्फर्मटिकट

ऑनलाइन यात्रा एग्रीगेटर इग्जिगो ने एक गुप्त सौदे के तहत बेंगलूरु के ऑनलाइन ट्रेन बुकिंग प्लेटफॉर्म कन्फर्मटिकट में 100 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। इग्जिगो ने एक बयान में कहा है कि इग्जिगो के संस्थापक कन्फर्मटिकट के बोर्ड में शामिल होंगे और वेंचर कैटलिस्ट्स सहित कन्फर्मटिकट के मौजूदा निवेशक कंपनी से पूरी तरह बाहर हो जाएंगे। बयान में कहा गया है कि अधिग्रहण के बाद भी दोनों कंपनियां स्वतंत्र रूप से परिचालन जारी रखेंगी। इग्जिगो और कन्फर्मटिकट दोनों देश में ऑनलाइन ट्रेन आरक्षण के लिए आईआरसीटीसी के आधिकारिक बी2सी टिकटिंग पार्टनर हैं। इस सौदे से समूह को छोटे शहरों एवं कस्बों में अपनी मौजूदगी बढ़ाने में मदद मिलेगी। *बीएस*

### तीसरी तिमाही में अदाणी पावर का घाटा कम हुआ

अदाणी पावर को वित्त वर्ष 2020-21 की दूसरी तिमाही में 289 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ। यह घाटा पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले कम है। इसका कारण आय में वृद्धि है। कंपनी ने कहा कि एक साल पहले 2019-20 की तीसरी तिमाही में उसे 703 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी की कुल आय 2020-21 की दिसंबर तिमाही में बढ़कर 7,099.20 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले इसी तिमाही में 6,684.52 करोड़ रुपये रही थी। अदाणी पावर का पीएलएफ (प्लांट लोड फैक्टर) यानी क्षमता का उपयोग 75 फीसदी रहा जबकि बिक्री 19.1 अरब यूनिट रही। *भाषा*

**दि यमुना सिंडिकेट लिमिटेंड**
पंजीकृत कार्यालय : रादौर रोड़, यमुना नगर - 135001
CIN: L24101HR1954PLC001837
Phone No. : +91-1732-255479
E-mail : companysecretary@yamunasyndicate.com
Website : www.yamunasyndicate.com

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्कताएं) विनिमयन, 2015 के विनियमन 29, विनियमन 47 के साथ पढ़ते हुये, के अनुसार, कम्पनी के निदेशक मण्डल की एक बैठक शुक्रवार 12 फरवरी 2021 को विडियो दुर सम्मेलन सुविधा के द्वारा रादौर रोड़, यमुना नगर - 135001 मे स्थित कम्पनी के रजिस्र्ड कार्यालयमें 31 दिसम्बर 2020 को समाप्त तिमाही एवं नौ महीने की अवधि के अन-अंकेषित वित्तिय परिणामो पर विचार करने व अनुमोदित करने के लिये, आयोजित की जायेगी।

यह सूचना कम्पनी की वैबसाईट www.yamunasyndicate.com व बी.एस.ई. लि. की वैबसाईट www.bseindia.com, जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, पर भी उपलब्ध हैं। बोर्ड आदेशनुसार

कृते दि यमुना सिंडिकेट लिमिटेड़
हस्ता/- आशीष कुमार
कम्पनी सचिव
सदस्यता नं. F7846

दिनांक : 04 फरवरी 2021
स्थान : यमुना नगर - 135001

## आरईसी का शुद्ध लाभ 35 फीसदी बढ़ा

**सार्वजनिक** क्षेत्र की कंपनी आरईसी का एकीकृत शुद्ध लाभ 2020-21 की दिसंबर तिमाही में 35 फीसदी उछलकर 2,257.96 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। आरईसी ने कहा कि एक साल पहले 2019-20 की इसी तिमाही में उसे 1,666.81 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी की कुल आय 2020-21 की तीसरी तिमाही में बढ़कर 9,089.46 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले इसी तिमाही में 7,716.72 करोड़ रुपए थी। *भाषा*

## इप्का लैब का शुद्ध लाभ 35 फीसदी बढ़ा

**दवा** कंपनी इप्का लैबोरेटरीज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 35.44 फीसदी बढ़कर 267.56 करोड़ रुपये हो गया। घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बिक्री अच्छी रहने से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 197.54 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एकीकृत शुद्ध आय 1,425.21 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान तिमाही में 1,230.99 करोड़ रुपये रही थी। *भाषा*

# भारत यूनिलीवर के लिए असाधारण बाजार: एलन जोप

बीएस संवाददाता
मुंबई, 4 फरवरी

**भारत** एक असाधारण बाजार है जहां हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) का लंबा इतिहास और वर्चस्व रहा है। यूनिलीवर के मुख्य कार्याधिकारी एलन जोप ने निवेशकों से बातचीत में आज यह बात कही। उन्होंने कहा कि 84 फीसदी भारतीय कारोबार की मात्रात्मक बिक्री बढ़ रही है और यहां वृद्धि के लिए दमदार अवसर मौजूद है।

भारत यूनिलीवर का अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा बाजार है जो उसके राजस्व में करीब 10 फीसदी का योगदान करता है। कंपनी के राजस्व में अमेरिका करीब 18 फीसदी योगदान करता है जबकि चीन का योगदान करीब 6 फीसदी है। दिसंबर तिमाही के दौरान कंपनी की बिक्री में 3.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी अब भारत, चीन और अमेरिका पर जोरदार दांव लगाने जा रही है क्योंकि कोविड के बाद की दुनिया में वह तेजी से वृद्धि करना चाहती है। यूनिलीवर जनवरी से दिसंबर की अवधि को लेखा वर्ष मानती है।

कंपनी ने कहा है कि दिसंबर तिमाही के दौरान सौंदर्य एवं पर्सनल केयर श्रेणी में 1.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। इसी प्रकार होम केयर श्रेणी में 4.7 फीसदी और फूड ऐंड रीफ्रेशमेंट श्रेणी में तिमाही के दौरान 5.4 फीसदी की वृद्धि हुई।

कंपनी के कुल राजस्व में भारत और चीन का योगदान करीब एक तिहाई है। जोप ने कहा कि वह इसे 2030 तक 60 तक बढ़ाना चाहते हैं। पूरे साल 2020 के लिए यूनिलीवर की बिक्री में 1.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई जिसे सौंदर्य एवं पर्सनल केयर में 1.2 फीसदी, होम केयर में 4.5 फीसदी और फूड ऐंड रीफ्रेशमेंट में 1.3 फीसदी की वृद्धि से बल मिला।